तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अगस्त 2024

11 जनदर्शन में पहुंचे नागरिक बताई समस्याएं



12 विकलांग व्यवस्था का दंश झेल रहे बच्चे ...





## खबर संक्षेप

### तहसील पेंशनर समाज अर्जुन्दा की बैठक 3 को

**बालोद/अर्जुन्दा।** तहसील पेंशनर समाज अर्जुन्दा की बैठक 3 अगस्त को संकुल केंद्र भवन अर्जुंदा में दोपहर 12 रखी गई है। सचिव सीएल देवांगन ने बताया कि बैठक में जिला स्तरीय बैठक में हुई चर्चा की जानकारी के साथ सदस्यता की जानकारी एवं आए व्यय की जानकारी दी जाएगी।

### किसान के मकान का ताला टूटा, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** किसान के मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305,331(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। बोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम-दनिया निवासी ठाकुर प्रसाद खेती किसानी का काम करता है। 29 जुलाई की सुबह परिवार खेत में काम करने गए हुए थे। घर लौटकर आने पर कमरे का ताला टूटा पड़ा मिला। चेक करने पर मकान से सोना चांदी के जेवरात गायब मिला।

### मकान से जेवरात की चोरी

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने जेवरात पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 62,305,331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर कुरूद निवासी राहुल यादव ने शिकायत किया कि जीजा मान सिंह का मकान कैलाश नगर, कुरूद में है। वे शासकीय कर्मी है। जिनकी पोस्टिंग कोरबा जिला में है। परिवार शादी समारोह में शामिल होने 25 जून को कानपुर गए हुए थे। इस दौरान मकान का ताला अज्ञात ने तोड़कर जेवरात आदि पार कर दिया।

### बच्चों को मिला पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन

**सेलुद।** पाटन विधानसभा के ग्राम पंचायत महका खुर्द के आश्रित ग्राम परेवाडीह के प्राथमिक शाला में न्योता भोज करवाया गया। साथ ही शाला परिसर में वरिष्ठ जनो द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया ।शासकीय प्राथमिक शाला परेवाडीह मे न्योता भोज का यह अवसर है जिसमें बच्चों को पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन खाने का अवसर मिला। उपसरपंच अर्चना यादव व पूर्व सरपंच नूतन यादव के द्वारा चिंतामणि के जन्मदिन के उपलक्ष्य में न्योता भोजन करवाया।

### पति ने पत्नी को कार से कुचलने की किया प्रयास

**भिलाई।** अपनी पत्नी को कार से कूचलने का मामला सामने आया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार की शाम सेक्टर 4 कौ क्रास स्ट्रीट की है। सेक्टर 4 निवासी रजत प्रताप सिंह गोदावरी स्टील में इंजीनियर है। सेक्टर 5 में रहने वाली प्रियंका सिंह के साथ रजत प्रताप का विवाह 7 जून 2023 को हुई थी। रजत ने सोमवार शाम की सेक्टर 9 अस्पताल से अपनी दादी उर्मिला देवी के साथ आटो से सेक्टर 5 लौटते प्रियंका सिंह को जबरदस्ती अपनी कार में बिठाया। कार में विवाद के आरोप है कि रजत ने दरवाजा खोलकर उसे बाहर धक्का दिया। आरोप है कि रजत ने प्रियंका को कार से कुचलने की कोशिश की। जिसका वीडियो लगातार वायरल हो रहा है। शादी के दो महीने बाद से प्रियंका और रजत में पारिवारिक विवाद शुरू हो चुका था। विवाद के चलते प्रियंका 4 महीने से अपने ससुराल में रह रही थी। प्रियंका सोमवार शाम को अपनी दादी को सेक्टर 9 अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर आटो से सेक्टर 5 स्थित अपने माता-पिता के निवास लौट रही थी। तभी रजत पहुंचा और अपनी पत्नी प्रियंका को जबरदस्ती कार में बिठाने की कोशिश करने लगा। उसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। तब रजत प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी प्रियंका को घसीटा और चलती कार से फेंक दिया। रजत पर आरोप यह भी है कि दादी सास उर्मिला देवी के साथ भी मारपीट की।

# जिला अस्पताल के गार्डों को मिली वॉकी-टॉकी, इमरजेंसी में नहीं होगी भाग-दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अस्पताल में गार्ड की ड्यूटी करने वालों को अस्पताल प्रबंधन ने वॉकी टॉकी प्रदान किया है। इसका मुख्य उद्देश्य अस्पताल में इमरजेंसी के समय ड्यूटी पर तैनात सभी गार्ड सक्रिय होकर मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं में मदद करने तथा मरीजों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड में शिफ्ट करने से लेकर घटना दुर्घटनाओं में घायलों को स्ट्रेचर में ले जाने व रेफर करने के समय एक दूसरे का सहयोग करने का है। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जब वॉकी टॉकी जैसी सुविधा गार्ड के पास नहीं था तो किसी भी गार्ड या स्टॉफ की मदद करने के लिए एक दूसरे को अस्पताल में दौड़भाग करनी पड़ती थी। वहीं, अब इमरजेंसी के समय घायलों को अस्पताल तक ले जाने के लिए भी गार्ड की मदद आसानी से की जा रही है। अस्पताल में ड्यूटी कर रहे सभी गार्ड ने बताया कि वॉकी टॉकी मिलने से काम आसान हो गया है। किसी भी समय मे एक दूसरे की मदद के लिए और मरीजों व उनके परिजनों की मदद के लिए गार्डों में एक दूसरे से संपर्क करके मदद कर रहे हैं।

### मरीजों व उनके परिजनों की सुविधा के लिए पहल






### क्या है वॉकी-टॉकी

आपको बता दें कि वॉकी टॉकी एक बिना तार या इंटरनेट के काम करने वाला वायरलेस संचार उपकरण है जो दो या उससे ज्यादा यूजर्स के बीच संचार सुविधा प्रदान करता है। इसका काम करने का मुख्य तंत्र बिना तार के रेडियो संचार है। वॉकी–टॉकी का उपयोग आमतौर पर बाहरी रोमांच, घटनाओं, निर्माण स्थलों, सुरक्षा टीमों और आपातकालीन स्थितियों सहित विभिन्न सेटिंग्स में किया जाता है। वॉकी–टॉकी संचार का एक विश्वसनीय और त्वरित साधन प्रदान करते हैं, खासकर जब सेलुलर नेटवर्क या इंटरनेट कनेक्टिविटी सीमित या अनुपलब्ध हो ऐसे समय में वॉकी टॉकी का इस्तेमाल करते हैं।

## स्वास्थ्य : ग्राम सिकोसा में 30 से ग्रामीण डायरिया से पीड़ित

# झड़ी थमने के बाद खिली धूप, दूसरे दिन फिर बारिश, बदलते मौसम में बिगड़ने लगी सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दस दिनों तक बादल छाए रहने और रुक रुककर हुई बारिश के बाद मंगलवार को बादल साफ होते ही सूर्यदेव के दर्शन हुए। कुछ देर धूप के बाद शाम होते ही मौसम में फिर से परिवर्तन हो गया और घने बादल छाए रहने के बाद बुधवार को सुबह अच्छी बारिश हुई।

■ सर्दी–खांसी–बुखार, बदन दर्द व पेट संबंधी समस्या लेकर लोग पहुंच रहे अस्पताल

वहीं, पानी थमने के बाद जिले में बारिश का असर दिखाई देने लगा है। जिले के कुछ ग्रामीण इलाकों में डायरिया फैलने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। ग्राम सिकोसा में लगभग 30 से अधिक मरीज डायरिया की चपेट में आ चुके हैं, तो वहीं बारिश के इस मौसम में सर्दी-खांसी के अलावा बुखार, बदन दर्द, उल्टी-दस्त व पेट से जुड़ी हुई समस्याओं की शिकायत लेकर लोग हॉस्पिटल का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं, रुक रुककर हो रही बारिश से शहरी क्षेत्रों में जहां जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा हुआ है, तो वहीं ग्रामीण इलाकों में नदी नालों में भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि खेतों में लबालब भरे पानी को बाहर निकालने का कार्य किसानों द्वारा किया जा रहा है। वहीं, छोटे नदी नालों का जलस्तर कम होने लगा है।




### दस दिनों तक पानी में डूबे रहने से फसल खराब

भारी बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान जिले के किसानों को हुआ है। बारिश का पानी खेतों में लबालब भरा हुआ था। लगातार बारिश होने से किसान अपने खेतों में भरे पानी को बाहर नहीं निकाल पाए, लेकिन बीते 2–3 दिनों से बारिश का सिलसिला कम होने के बाद किसान अब खेतों से पानी को बाहर निकालने में जुट गए हैं। कई गांवों से तस्वीरें सामने आई, जिसमें खेतों में लगे धान की फसल पूरी तरह से खराब नजर आ रहा है। किसानों को फिर से धान की फसल लगानी होगी, वरना उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## सिकोसा के बाद भोथली व फागुनदाह में भी डायरिया

**बालोद।** जिले में डायरिया का प्रकोप बढ़ने लगा है। गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिकोसा में करीब 25 ग्रामीण डायरिया के चपेट में आने के बाद बुधवार को गुरुर विकासखंड के ग्राम भोथली, फागुनदाह में ग्रामीण डायरिया की चपेट में आ गए हैं। फागुनदाह के दो ग्रामीणों को धमतरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, एक का गुरुर में तथा जबकि अन्य ग्रामीणों का इलाज गांव में किया जा रहा है। वहीं, भोथली के 7 मरीजों को गंभीर हालत में गुरुर में भर्ती किया गया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए इन गांवों में मरीजों की संख्या बढ़ भी सकती है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ डॉक्टर रावटे गांव में स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने व शिविर लगाकर लोगों की जांच करने सहित पानी को उबालकर पीने का निर्देश दिए।



जानकारी के अनुसार लोग गंदा पानी पीने व बारिश के मौसम में भाजी की सब्जी सहित खानपान में साफ सफाई सही नहीं होने से ही डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। ग्राम सिकोसा में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाए गए पाइपलाइन कई जगहों पर लीकेज हो चुकी है, जिसके कारण ग्रामीणों को गंदा पानी पीना पड़ रहा है और वहां के लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं, जिसके कारण आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। ठीक इसी तरह फागुनदाह व भोथली में भी गंदा पानी व खाने में हरी भाजी का ज्यादा सेवन करने व भोजन करते समय साफ सफाई पर ध्यान नहीं देने से ही लोग डायरिया के शिकार हुए हैं।

# दो बाइक में हुई भिड़ंत, 6 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तेज रफ्तार दो बाइक में भिड़ंत होने से 6 लोग घायल हो गए, घायलों में 2 की हालत नाजुक है, जिन्हें जिला अस्पताल में उपचार के बाद राजनांदगांव रेफर किया गया है। घटना बुधवार को दोपहर करीब 1 बजे बालोद–लोहारा मुख्य मार्ग पर ग्राम तरौद के पास जुझारा नाला पुल के नजदीक हुई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डारागांव निवासी लालचंद 22 वर्ष, गोपी साहू 23 वर्ष व मनीष कुमार 21 वर्ष तीनों एक साथ बाइक पर थे। वहीं, लोहारा निवासी कैलाश बघेल 41 वर्ष, खैरकट्टा निवासी गेंदसिंह रावटे 51 वर्ष व अरजपुरी निवासी नंदेश्वर गोस्वामी 34 वर्ष तीनों एक बाइक पर जा रहे थे। इस दौरान पुल के पास दोनों तेज रफ्तार बाइक की आपस में ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ बालोद–लोहारा मुख्य मार्ग पर ग्राम तरौद के पास हुई दुर्घटना

### कम नहीं हो रही लापरवाही

जिले में तेज रफ्तार के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है, कि हेलमेट पहन कर वाहन चलाएं, बाइक पर तीन सवारी सफर न करें, रफ्तार में लगाम लगाने के लिए भी लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, उसके बाद भी लोग लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसके कारण दुर्घटनाएं कम नहीं हो रही हैं और लापरवाही का खामियाजा दुर्घटना का शिकार होकर भुगतना पड़ रहा है।

### किराना दुकान में सेंधमारी नकदी व सामान ले उड़े चोर

**लाटाबोड़।** ग्राम लाटाबोड़ के व्यावसायिक परिसर में संचालित हिरवानी किराना स्टोर्स में पीछे की दीवार तोड़ कर अज्ञात चोर पंद्रह सौ रूपए नकदी एवं सामान उड़ा ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब बीस हजार रूपए आंकी गई है। अरूनेश्वर साहू ने बताया कि चोर दुकान में रखे सिक्कों से भरे 17 किलो वजनी थैले को उठा नहीं पाया, अन्यथा बहुत ज्यादा नुकसान हो सकता था। उन्होंने बताया कि घटना 29 जुलाई की रात की है। पखवाड़े भर पहले चोरों ने दवाई दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया था, लेकिन ताला में डबल लॉक होने के कारण तोड़ नहीं पाए थे। प्रार्थी अरूनेश्वर कुमार हिरवानी ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# स्कूल के पास कचरे का ढेर, गंदगी व बदबू से छात्र व शिक्षक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

शासकीय प्राथमिक शाला कुसुमकसा क्रमांक 1 के शाला भवन की दीवार के किनारे कचरे का ढेर लगा है। इसके कारण आसपास बदबू फैली रहती है। बदबू के कारण स्कूली बच्चों को पढ़ाई में परेशानी हो रही है, वहीं उनके स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता हो रही है। इसके साथ ही आसपास रहने वाले नागरिकों तथा उस गली से आने-जाने वाले वाले लोगों को भी समस्या हो ही है।

ग्राम पंचायत कुसुमकासा के वार्ड क्रमांक 10 में कुछ वर्ष पूर्व कूड़ादान का निर्माण किया गया था। कूड़ादान में कचरा ज्यादा होने पर उसके आसपास गंदगी फैलने और बदबू होने की शिकायत बच्चों व शिक्षकों ने सरपंच से की थी। इस पर सरपंच ने हो रही परेशानी को देखते हुए लगभग एक साल पूर्व जर्जर कूड़ादान को उखाड़वा दिया और वहां जमा कचरे को फिंकवाया था। इसके साथ ही ग्रामीणों को उक्त स्थान पर कचरा नहीं डालने की हिदायत दी गई थी। किंतु सफाई किए जाने के कुछ दिनों बाद ही वहां धीरे-धीरे फिर कचरा जमा होने लगा। वहीं, नियमित रूप से सफाई नहीं होने के कारण वहां आज कचरे का ढेर लग गया है, जो गली तक फैलने लगा है। अब बरसात में परेशानी और ज्यादा हो गई है, क्योंकि बारिश के कारण कचरे के भीगने से बहुत ज्यादा बदबू आने लगी है। उसी ओर प्राथमिक शाला क्रमांक 1 की दीवार है, जिसमें खिड़की है। खिड़की खोलने पर बहुत ज्यादा दुर्गंध आती है। इसी तरह उसी दीवार से लगकर मध्यान्ह भोजन बनाने का किचन शेड भी है, जिससे खाना बनाने वालों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

■ शासकीय प्राथमिक शाला कुसुमकसा का मामला

■ सरपंच ने कहा– वहां कचरा फेंकने से मना करने के बाद भी नहीं मान रहे ग्रामीण



### मजदूर मिलते ही कराई जाएगी सफाई

ग्रामीणों को वहां कचरा नहीं डालने की हिदायत दी गई है, उसके बाद भी कचरा फेंक रहे हैं। बरसात होने के कारण ग्रामीण मजदूर कृषि कार्यों में जा रहे हैं, जिसके कारण सफाई नहीं हो पा रही है।मजदूर मिलते ही कचरा फिंकवाकर सफाई करवाई जाएगी।

**- शिवराम सिंदामे,** सरपंच, ग्राम पंचायत कुसुमकसा

# चौकी छुरिया क्षेत्र से पहुंचे 350 कांवरिए, पाटेश्वर धाम में किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जामड़ी पाटेश्वर आश्रम कौशल्या धाम के संत श्रीराम बालकदास की उपस्थिति में श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम के लिए चौकी छुरिया क्षेत्र के 350 शिवभक्तों की टोली रविवार से निकली थी, जो सावन के दूसरे सोमवार को कंधे में कांवड़ लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए रवाना हुई। रविवार को ग्राम रेंगाडबरी में कांवड़ यात्री रात्रि विश्राम कर सुबह भंवरमरा होते हुए सावन माह के दूसरे सोमवार 29 जुलाई को सुबह 11 बजे पाटेश्वर आश्रम पहुंच कर कोशल्या धाम में स्थापित भगवान शिव जी का जलाभिषेक कर महाप्रसादी ग्रहण की। जामड़ी पाटेश्वर धाम के संत श्रीराम बालक दास ने सुबह 7 बजे रेंगाडबरी पहुंच कर सैकड़ों कांवड़ यात्रियों की अगवानी की।

संत श्रीराम बालक दास जी के साथ युवराज लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, अरुण उपाध्याय, निखिल शर्मा, हिरेन्द्र गायकवाड़, गजेंन्द्र यादव एवं वनांचल क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, बच्चे, महिला, बुजुर्ग व युवाओं के साथ गणमान्य नागरिक शामिल थे।

## हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद पहुंचे बीईओ ने बनाई व्यवस्था

# अब कमकापार स्कूल में दो पालियों में लगेंगी कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कमकापार स्थित शासकीय स्कूल भवन की जर्जर हालत को लेकर हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग ने मामले को संज्ञान में लिया है।

■ कहा– भवन में पर्याप्त जगह, दो पालियों में कक्षाएं लगाने से नहीं होगी समस्या

विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीम के साथ स्कूल में जांच करने पहुंचे। उन्होंने स्कूल की जांच कर ग्रामीणों से बातचीत की और स्कूल संचालन के लिए समय सारिणी में बदलाव किया। बीईओ हिमांशु मिश्रा ने बताया कि प्राथमिक शाला स्कूल सुबह के समय संचालित होगी, जबकि माध्यमिक स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल 12 बजे संचालित होगी। उन्होंने बताया कि उस स्कूल में पहले से पर्याप्त करीब 9–10 कमरे हैं। संस्था स्तर पर निर्णय नहीं लिया जा रहा था। आज सबसे बात कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है।

खबर का असर


अनदेखी
ग्राम कमकापार के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की भेंट, कहा बंद कर दें स्कूल
22 साल पुराना विद्यालय भवन जर्जर, दांव पर लगी 145 बच्चों और शिक्षकों की जिंदगी
पानी पड़ने से छत से रिसाव न हो और मलबा न गिरे, इसलिए लगा दिया तिरपाल
मटिया शाला भवन में रिसता है पानी, गिरने लगा प्लास्टर
डर के कारण कई ग्रामीणों ने बच्चों को स्कूल से निकाला
कभी भी गिर सकता है बिरेतरा स्कूल का भवन, शिक्षक भी कम



### सवा करोड़ स्वीकृत होने के बाद भी शुरू नहीं हुआ भवन निर्माण

जानकारी के अनुसार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम कमकापार में हायर सेकंडरी स्कूल भवन निर्माण कराने घोषणा की थी। इसके लिए 1 करोड़ 22 लाख 16 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। लेआउट का कार्य भी पूरा हो चुका है, लेकिन स्कूल भवन का निर्माण कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हुआ है। कार्य शुरू नहीं होने का कारण न ही ग्रामीणों को पता है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों को। हालांकि वैकल्पिक व्यवस्था कर स्कूल का संचालन किया जाएगा, लेकिन राशि स्वीकृत होने के बाद भी आखिर नया स्कूल भवन कब से बनना शुरू होगा, यह बड़ा सवाल अभी भी अधर में है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### रैन वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर, मवेशियों की धरपकड़

**रायपुर।** राजधानी में वर्षा जल संरक्षण के प्रति आम जनता को जागरूक करने नगर निगम क्षेत्र में अलग-अलग गतिविधियां चलाई जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को ग्रीन आर्मी आफ रायपुर और जियो हाइड्रो लाजिस्ट की टीम को कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग की गतिविधियों से अवगत कराया। इस कार्य में जन सहभागिता बढ़ाने और भूजल स्तर में आ रही गिरावट को रोकने लोगों से अपील की गई। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि अधिक से अधिक रैन वॉटर हार्वेस्टिंग पीट बनाकर शहर का जलस्तर सुधारने में सहभागी बनेंगे। जोन 8 राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर मुख्य मार्ग पर 18 मवेशियों को पकड़कर काउकेचर से गौठान भेजा। साथ ही 2 पशुपालक पर गंदगी फैलाने पर 1 हजार रुपये जुर्माना किया।

### पलौद में लगा जनसमस्या निवारण शिविर, 104 आवेदनों का निराकरण



**रायपुर।** अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पलौद में मंगलवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दो सौ से ज्यादा ग्रामीण अपनी समस्या व शिकायत से संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे थे। इनमें से 104 ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण मौके पर किया गया। इनमें ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला गैस योजना समेत विभिन्न प्रकार के आवेदन आए थे। शिविर में विधायक इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर गौरव सिंह व एसएसपी संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।शिविर के दौरान हितग्राहियों को मछली जाल व आइस बॉक्स का भी वितरण किया गया।

### करिश्मा सोसाइटी में लगाए 200 से अधिक पौधे




**रायपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वीआईपी करिश्मा रेसिडेंट सोसाइटी में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक मोतीलाल साहू और विश्वदिनी पांडेय ने पौधे लगाए। परिसर में लगभग 200 पौधे रोपित किए गए। इसी दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने विधायक श्री साहू का शॉल से सम्मान किया। इस अवसर पर रामधारी जैन, कमल गोलछा, रजिंदर शर्मा, संजय वर्मा, प्रखर गोलछा, राजीव गुप्ता, एसएस शर्मा, जयेश भाई, संदीप मित्तल, हरदीप पाल, मंजीत सिक्का, डोमन डहरिया, मोहन वर्मा, उषा गुप्ता, आरती अग्रवाल, नीता गुप्ता, रुचि सिंह, शकील साजिद, इंदर पाल, बीना शमा, दिपाली अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# कोर्ट मैरिज का क्रेज बढ़ा, कलेक्टोरेट कोर्ट में हुए आधा दर्जन विवाह

## फिजूलखर्ची से बचत, शोर-शराबा, मेहमानों का झंझट भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक ओर जहां लोग शादी-ब्याह में होटल-मैरिज पैलेस की बुकिंग, बारात, बैंड-बाजा, रिसेप्शन समारोह सहित कई चीजों में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करते हैं, वहीं दूसरी ओर शादी में होने वाले खर्च को फिजूल मानने वाले ऐसे भी कई जोड़े हैं, जो कलेक्टोरेट कोर्ट में सरलता व सादगी से शादी करना पसंद कर रहे हैं। इससे न केवल शादी-ब्याह के नाम पर होने वाली फिजूलखर्ची से बच रहे हैं, बल्कि इससे नवविवाहिता जोड़े की बचत भी हो रही है। यह बचत राशि जोड़े को अपनी गृहस्थी चलाने में मददगार भी साबित होगी। रायपुर कलेक्टोरेट कोर्ट में मंगलवार को आधा दर्जन जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विवाह के दौरान इन जोड़ों के साथ उनके परिवार के लोग भी पहुंचे थे। इन जोड़ों में एक जोड़ा कृष्णा हिआल और संतोषी बाघ का भी था। इस जोड़े की ओर से अधिवक्ता भगवानू नायक एवं उर्वशी घोष भी उपस्थित थे।

अलग खबर



अधिवक्ता श्री नायक ने बताया कि शादी-ब्याह में होने वाले फिजूल खर्च के साथ शोर-शराब से बचने के लिए अब कोर्ट मैरिज की संख्या बढ़ी है। कोर्ट मैरिज से फिजूल के खर्च से बचत होती है, साथ ही शोर-शराबा, मेहमानों की पसंद-नापसंद का ख्याल रखना, दहेज के झंझट आदि से भी मुक्ति मिल जाती है। कोर्ट में वर-वधू दोनों की तरफ से कुछ रिश्तेदार और परिचित लोगों की उपस्थिति में सादगी से विवाह संपन्न हो जाता है।

### लीगल मैरिज से अनेक फायदे

*अधिवक्ता श्री नायक ने बताया, कोर्ट मैरिज एक लीगल मैरिज है, जिसके अनेक फायदे हैं। कोर्ट मैरिज के पहले विवाह अधिकारी कार्यालय वर-वधू के जन्म, निवास आदि दस्तावेजों का परीक्षण करता है। अखबार में प्रकाशन कर आपत्तियां मंगाई जाती हैं और गवाहों की उपस्थिति में विवाह अधिकारी विवाह संपन्न कराते हैं।*

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ 6 गिरफ्तार, 22 गाड़ियां बरामद

*वाहन बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में शामिल 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी की 22 गाड़ियां एवं एक वाहन का इंजन बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब 16 लाख आंकी गई है। गिरोह के सदस्य प्रोफेशनल तरीके से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी के बाद वाहन की पहचान छिपाने के लिए उसका नंबर प्लेट व रंग बदलने से लेकर मोडिफाइड करने के बाद बेच दिया करते थे। यही कारण है कि पिछले कई महीने से इस क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदातें होने के बाद भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग रहे थे, लेकिन सोमवार को गिरोह के दो सदस्यों को चोरी के वाहन बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य भी गिरफ्तार किए गए।

एएसपी लखन पटले ने इस वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि खम्हारडीह पुलिस को सूचना मिली थी कि अनुपम नगर में दो युवक चोरी का वाहन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सूरज यादव और पवन साहू बताया। दोनों नरदहा विधानसभा





क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने जब दोनों से कड़ाई से पूछताछ की, तो युवकों ने अपना गुनाह कबूल लिया और अपने गैंग के बारे में जानकारी दी। इसके बाद इन युवकों की निशानदेही पर गैंग के अन्य सदस्य प्रकाश यादव उर्फ राजा निवासी ग्राम नरदहा भाटापारा, दुर्गेश कुमार साहू निवासी गोकुल नगर गुढ़ियारी, हितेंद्र कुमार साहू निवासी रामनगर गोपालनगर गुढ़ियारी तथा किशन यादव निवासी भाटापारा नरदहा विधानसभा को भी गिफ्तार किया गया। बताया गया कि सूरज और पवन वाहन चुराने का काम करते थे, वहीं प्रकाश और दुर्गेश चोरी के वाहन का रंग व नंबर प्लेट बदलने के साथ मोडिफाइड किया करते थे। इसके बाद वाहन को बेचा करते थे। आरोपियों से हितेंद्र और किशन ने चोरी की कई गाड़ियां खरीदी हैं। पुलिस ने इन दोनों को चोरी का वाहन खरीदी मामले में गिरफ्तार किया है।

### प्रोफेशनल तरीके से चुराते थे वाहन

वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए गिरोह के सदस्य चाबी का इस्तेमाल नहीं करते थे, बल्कि वाहन के हैंडल लॉक को पैर से मारकर तोड़ा करते थे। इसके बाद तार के जरिए स्विच वायर को डायरेक्ट कर वाहन को स्टॉर्ट कर चोरी कर ले जाते थे। वाहन चोर की इस तकनीकी को देखते पुलिस ने आशंका जताई है कि यह गिरोह प्रोफेशनल है और इससे पहले भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया होगा। पुलिस ने संभावना जताई है कि पूछताछ में चोरी की वारदातों के और कई खुलासे हो सकते हैं।

### फर्जी कागजात बनाकर गांव में बेचा करते थे वाहन

चोरी के वाहन को मोडिफाइड करने के बाद आरोपी उसे बेच दिया करते थे। बताया गया कि ज्यादातर चोरी के वाहन आरोपियों ने गांव में बेचे हैं। इसके लिए आरोपी गाड़ियों का फर्जी कागजात भी बनवाते थे। पुलिस ने इस मामले में धारा 379 भादवि., 318/24 धारा 303(2) बीएनएस एवं 330/24 धारा 303(2), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# कोचिंग सेंटर में सुधार की मांग, छात्रों ने कहा- भ्रामक विज्ञापन देकर चयन का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शिक्षा का बाजारीकरण करने और दुर्व्यस्था का आरोप, स्थानीय प्रशासन से जांच की अपील

दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हुई घटना के बाद छत्तीसगढ़ में भी छात्रों ने सुरक्षा की मांग करनी प्रारंभ कर दी है। छात्रों की मांग है कि प्रदेश के कोचिंग सेंटर में दी जाने वाली सुविधाओं की जांच कराई जाए तथा जहां मानकों के अनुसार व्यवस्था ना हो, वहां संचालन बंद किया जाए। एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। छात्रों का आरोप है कि प्रदेश में अनेक ऐसी निजी कोचिंग संस्थान संचालित हैं, जो शिक्षा के बाजारीकरण को बढ़ावा दे रही हैं



और छत्तीसगढ़ के भोले-भाले छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ निरंतर खिलवाड़ कर रही हैं। छात्रों का कहना है कि निजी कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन देकर चयन का झांसा दिया जाता है। फीस के नाम पर मोटी धनराशि ली जाती है, लेकिन छात्रों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। छात्रों का कहना है कि कोचिंग संस्थाओं द्वारा ली जाने वाली फीस को लेकर भी नीति निर्माण किया जाए, जिससे गरीब छात्रों को सुविधा मिल सके।

### एक कक्षा में सैकड़ों छात्रों को पढ़ाते हैं एक ही शिक्षक

इन कोचिंग सेंटर में अनुभवी शिक्षक भी नहीं हैं। एक ही शिक्षक सैकड़ों छात्रों को पढ़ाते हैं। इस कारण छोटी-छोटी कक्षाओं में थोक में छात्रों को बैठाया जाता है। छात्रों ने कोचिंग संस्थानों में शिक्षक एवं छात्रों का अनुपात सुनिश्चित करने मांग की है। इसके अलावा अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपकरण, पर्याप्त निकास द्वार एवं आपातकालीन द्वार भी उपलब्ध कराने कहा गया है। पार्किंग, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं की भी मांग छात्रों द्वारा की गई है। इस दौरान एनएसयूआई के प्रदेश सचिव मेहताब हुसैन सहित वैभव मुजेवार, शेख इमरान, मिहिर शर्मा, मिहिर भंसाली, प्रतिक ध्रुव, लक्की साहू, सुभम वर्मा, हर्ष नमन,सरफराज रिजवी उपस्थित रहे।

## एक वार्ड ऐसा भी, जनसमस्या निवारण शिविर में शिकायत जीरो



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में आम जनता की मूलभूत समस्या के समाधान के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जोन 4 क्षेत्र के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के सेवा सदन सामुदायिक भवन में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इसमें बिजली, पानी और सफाई की एक भी शिकायत नहीं मिली। वार्ड में नई सड़क और नाली निर्माण के 9 प्रस्ताव आए हैं। शहर में नगर निगम एक ऐसा वार्ड भी है, जिसे जीरो समस्या वाला वार्ड माना गया। जनसमस्या निवारण शिविर में इस वार्ड से एक भी शिकायत नहीं मिली, बल्कि 9 प्रस्ताव नए नाली निर्माण और सड़क निर्माण के आए हैं। एक आवेदन नल कनेक्शन के लिए दिया गया। शिविर में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य आकाश मिश्रा लोगों की सहायता के लिए शिविर में पहुंचे थे। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में आयोजित शिविर में 25 लोगों को राशनकार्ड बनाकर दिया गया। इसी तरह 15 आवेदकों ने मजदूर कार्ड के लिए आवेदन लगाये। शिविर में वार्ड पार्षद पूरे दिन वार्डवासियों का मार्गदर्शन करने मौजूद रहे। इस मौके पर अपर आयुक्त विनोद पांडे सहित जोन 4 के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

- विधायक पुरंदर मिश्रा, पार्षद आकाश तिवारी शिविर में रहे मौजूद

## पीएम आवास योजना शहरी की मुख्य सचिव ने की समीक्षा




**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में स्वीकृत परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवास के निर्माण की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों का आबंटन करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत क्रियान्वित परियोजनाओं हेतु भारत सरकार के प्रेषित उपयोगिता प्रमाण-पत्र, जीएफआर, एक्शन टेकन रिपोर्ट सहित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी विभागीय अधिकारियों ने दी। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के करीब 156 नगरीय-निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक हितग्राहियों द्वारा स्वयं आवास निर्माण (बीएलसी) के अंतर्गत 937 परियोजनाओं में एक लाख 50 हजार 898 आवास स्वीकृत किए गए है। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजु एस., विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा सहित नगरीय प्रशासन विभाग के अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य शामिल हुए।

# सरिया दस हजार और सीमेंट 60 रुपए सस्ता फिर भी डिमांड नहीं, मानसून में सारे काम बंद

## प्रदेश के साथ देश में कहीं से भी डिमांड नहीं, हजारों टन सरिया डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून के कारण प्रदेश के साथ पूरे देश में सरकारी के साथ निजी निर्माण बंद हो गए हैं। यह स्थिति आने वाले करीब दो माह तक रहने वाली है। ऐसे में जहां सरिया की कीमत इस समय दस हजार रुपए कम है, वहीं सीमेंट की कीमत भी करीब 60 रुपए कम होने के बाद भी डिमांड नहीं है। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले कारोबारी खाली बैठे हैं। कारोबारियों का कहना है हजारों टन सरिया डंप है। इसके अब नवरात्रि के बाद काम प्रारंभ होने पर खपत की संभावना है। मानसून में हमेशा बारिश के कारण सरकारी निमार्ण कार्यों के साथ रियल एस्टेट, निजी घरों का काम और अन्य काम पूरी तरह से बंद हो जाते हैं। ऐसा होने का बड़ा असर बिल्डिंग मटेरियल पर पड़ता है। इस सीजन में खासकर सीमेंट और सरिया के दाम कम हो जाते हैं और खपत नहीं के बराबर हो जाती है।



### सरिया 47 से 52 हजार

सरिया की कीमत इस साल बहुत रही है। मानसून के पहले लोकल ब्रांडेड सरिया 62 से 64 हजार में बिक रहा था, जो अब कम होते-होते 52 हजार रुपए टन हो गया है। जहां तक लोकल सरिया का सवाल है तो इसकी कीमत 57-58 हजार रुपए टन थी जो इस समय 47 से 48 हजार रुपए टन हो गई है। कारोबारियों के मुताबिक जिन बिल्डिंग मटेरियल की दुकानों में रोज कई टन माल बिक जाता था, वहां एक टन की बात ही छोड़ दें, एक-दो क्विंटल माल भी नहीं बिक रहा है। कारोबारियों के यहां थोक में हजारों टन सरिया डंप हो गया है। इसके अभी लंबे समय तक बिकने की संभावना नहीं है। थोक कारोबारियों से कोई भी चिल्हर कारोबारी माल नहीं ले रहे हैं। चिल्हर कारोबारियों के यहां भी थोक में माल डंप पड़ा है।

### सीमेंट 250 से 260 रुपए

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने बीते साल सीमेंट की कीमत में भारी इजाफा कर दिया था। इतिहास में पहली बार अक्टूबर में सीमेंट की कीमत साढ़े तीन सौ रुपए से पार होकर चिल्हर में 370 रुपए हो गई थी। कंपनियों ने मानसून के समय बीते साल दस दिनों में कीमत में 55 रुपए का इजाफा हो गया था। कीमत में और इजाफा करने की तैयारी थी, लेकिन डिमांड न होने के कारण कीमत नहीं बढ़ाई गई। जब खरीदारों ने हाथ खड़े कर दिए तो कीमत कुछ कम करने का दौर प्रारंभ हुआ। इस साल भी मानसून में एक सीमेंट कंपनी ने कीमत में 20 रुपए का इजाफा किया था, लेकिन डिमांड न होने के कारण कीमत कम होती चली गई। मानसून से पहले सीमेंट की कीमत 300 से 320 रुपए थी जो इस समय 250 से 260 रुपए में मिल रहा है, लेकिन कहीं एक बोरी सीमेंट का भी लेवाल नहीं मिल रहा है। सबसे ज्यादा नान ट्रेड सीमेंट सरकारी कामों में चलता है। इसकी कीमत 230 रुपए है, लेकिन सारे सरकारी काम बंद होने के कारण कोई लेवल नहीं है। सीमेंट कंपनियों ने भी कम डिमांड के कारण उत्पादन कम कर दिया है। आमतौर पर मानसून में सीमेंट और सरिया का उत्पादन बहुत कम हो जाता है।

## जेएनआरयूएम के तहत केन्द्र से मिले पैसों से निगम ने खरीदी थीं 67 सिटी बस सिटी बस

# जनता के पैसे से खरीदी सिटी बस 9 साल में कंडम, प्राइवेट बस चलती है 10 से 15 साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता से मिले टैक्स के पैसे से खरीदी गई नगर निगम की 67 सिटी बसों में से 17 बसें 9 साल में कंडम हो गईं, जबकि प्राइवेट बस 10 से 15 साल चलती है। 60 लाख की कीमत वाली एसी बस से लेकर 28 लाख की कीमत वाली नान एसी बस का हाल ये है न ये चलने लायक स्थिति में है और न ही इसका मरम्मत हो सकता है। नगर निगम इन कंडम सिटी बसों को नीलाम कराने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित शहरी सार्वजनिक यातायात समिति इस पर निर्णय ले सकती है। खस्ताहाल सिटी बसें एक अरसे से पंडरी के सिटी बस डिपो में धूल खाते पड़ी हैं।

राजधानीवासियों को किफायती व सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने केन्द्र की जेएनआरयूएम योजना के तहत रायपुर




नगर निगम ने साल 2014 के अंत में 67 सिटी बसों की खरीदी की। 60 लाख की लागत वाली 10 एसी बस और 28 लाख की लागत की नान एसी सिटी बस शामिल थी। शुरुआत में 5 साल तक नगर निगम से अनुबंधित कंपनी ने इन बसों को सफलता पूर्वक निर्धारित रूट पर संचालित किया। इसके बाद 2 साल तक कोरोनाकाल में बसों का संचालन प्रभावित रहा। कोरोनाकाल खत्म होने के बाद भी बंद पड़े सिटी बसों के संचालन के लिए टेंडर निकालने में लेटलतीफी के चलते 1 साल गुजर गया। इस अवधि में नगर निगम द्वारा खरीदी गई सिटी बसें पंडरी के डिपो में खुले आसमान के नीचे खड़ी रही।डेढ़ साल पहले 67 सिटी बसों के संचालन के लिए नगरनिगम ने टेंडर निकाला। जिसमें सिटी बस संचालन के लिए 5 साल तक की समय अवधि के लिए एग्रीमेंट हुआ। इसमें 1 करोड़ 24 लाख रुपये बस मरम्मत के लिए अनुबंधित एजेंसी को शासन की तरफ से प्राप्त हुए। पर 67 में से केवल 46 सिटी बसें अलग-अलग रूट पर संचालित हुई। बाकी के 17 सिटी बसें कंडम हो जाने से चल नहीं पाईं। यानी जनता के पैसे से खरीदे गये सिटी बस देखरेख के अभाव में चलने लायक नहीं रहे।

# बेसमेंट पार्किंग में 3 लोगों ने बना रखा गोदाम, एक की पार्किंग में लेबर क्वार्टर, निगम ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों ने टीम बनाकर मंगलवार को शहर के विभिन्न जोन में स्थित 10 हॉटलों, व्यावसायिक परिसर में बेसमेंट पार्किंग का औचक निरीक्षण किया। अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के निर्देशन में किये गये निरीक्षण में 3 स्थानों पर व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग में गोदाम मिला।

वहीं एक स्थान पर व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग को ही लेबर क्वार्टर बनाने पर संबंधित भवन स्वामी अश्विनी सराफ को नोटिस जारी किया गया है। दिल्ली में हुई कोचिंग सेंटर की अप्रिय घटना को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर गौरव कुमार और



निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को नगर निवेश विभाग के अधिकारियों को 10 जोन में टीम बनाकर शहर के व्यावसायिक परिसर, हॉटलों और बेसमेंट पार्किंग का निरीक्षण कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान नगर निवेश विभाग की टीम ने होटल वेलिंगटन, होटल बेबीलॉन इन, होटल सतलज, होटल वॉलफोर्ट ओजोन, रहेजा टॉवर, लालगंगा मिडास बेसमेंट पार्किंग में संबंधित संचालकों को पानी निकासी की उचित व्यवस्था करवाने हिदायत दी। इसके साथ ही व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग में गोदाम मिलने पर भवन स्वामी हरविंदर सिंह टुटेजा, संजय अग्रवाल और भवन स्वामी विजय सुन्दरानी के अलावा व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग में लेबर क्वार्टर मिलने पर अश्विनी सराफ को नोटिस जारी किया है।

## खबर संक्षेप




### सेवा भारती समिति के अध्यक्ष बने नागेश्वर

**रायपुर**। गोविंद नगर स्थित जागृति मंडल में गत दिनों सेवा भारती समिति छत्तीसगढ़ का द्वितीय चुनाव हुआ, जिसमें चार पदाधिकारियों एवं पांच सदस्यों के नाम का घोषणा सर्वसम्मति से की गई। इन पदाधिकारियों में भिलाई के वी. नागेश्वर राव को अध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष डॉ. संतोष सिंह ठाकुर बिलासपुर, सचिव वासुदेव पटेल रायपुर, सहसचिव नारद सिन्हा महासमुंद, कोषाध्यक्ष डॉ. अनीता अग्रवाल रायपुर, सदस्य में रायपुर के अभयराम कुंभकार, संजय दुबे, केशव गुप्ता आदि हैं।

### किसानों को 8.64 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित

**रायपुर**। प्रदेश के किसानों को चालू खरीफ सीजन में विभिन्न फसलों की बोनी के लिए सरकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से सुगमता के साथ प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब तक किसानों को विभिन्न खरीफ फसलों के 8 लाख 64 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण किए गए हैं, जो कि राज्य में बीज की मांग का 88 प्रतिशत है। गौरतलब है कि राज्य में खरीफ की विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीज की कुल मांग 9 लाख 78 हजार क्विंटल है, इसके विरूद्ध 9 लाख 78 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज भण्डारण किया जा चुका है, जो कि बीज मांग का 97 प्रतिशत है। किसानों को अब तक 8.64 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया गया है, जो मांग का 88 प्रतिशत है।

### राज्य में लक्ष्य का 81 प्रतिशत बोनी पूर्ण

**रायपुर**। चालू खरीफ सीजन में अब तक लक्ष्य का 81 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुकी है। जबकि इस सीजन में राज्य सरकार द्वारा 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 39.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है।

### शिविर, 2556 आवेदन मिले, 2001 का निराकरण



**रायपुर**। जन समस्या निवारण पखवाड़ा के तीसरे दिन शहर के 9 अलग-अलग वार्डो में शिविर लगाया गया। जिसमें 2,556 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 2001 आवेदन शिविर में निराकृत किये गये। यतियतन लाल वार्ड के तहत पाटीदार भवन में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इसी तरह दानवीर भामाशाह वार्ड के मिनी माता भवन, जोन 3 के कालीमाता वार्ड के पार्षद कार्यालय खपराभट्ठी में जन समस्या निवारण शिविर में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृत ऋण राशि से संबंधित धनादेश वार्ड पार्षद ने हितग्राहियों को प्रदान किये। जोन 5 के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडी नगर सेक्टर 2 सामुदायिक भवन और जोन 7 के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के कर्मा सामुदायिक भवन दिशा कालेज के सामने जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया।

## पेज 9 के शेष

### दो बाइक में ...

जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में सभी बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गए, जिनमें से दो लोगों को गंभीर चोट लगने की वजह से रेफर किया गया है, जबकि 4 लोगों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

# स्वतंत्रता दिवस पर सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में होगा जिलास्तरीय कार्यक्रम

## जिपं सीईओ डॉ कन्नौजे ने अधिकारियों को दिए तैयारियों के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि 15 अगस्त को जिला मुख्यालय बालोद के अलावा जिले के सभी स्थानों पर भव्य एवं गरिमामय ढंग से स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

डॉ. कन्नौजे मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल एवं बेहतर आयोजन के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में किया जाएगा।

उन्होंने सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को 15 अगस्त को सुबह 07.30 बजे अपने-अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण कर सुबह 08 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित ध्वजारोहण समारोह के दौरान उपस्थित होने के निर्देश दिए। उसके बाद जिला मुख्यालय में पदस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 09 बजे स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित ध्वजारोहण एवं जिला स्तरीय समारोह में शामिल होंगे।

### 13 अगस्त को होगा पूर्वाभ्यास

डॉ कन्नौजे ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह का पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को सुबह 09 बजे स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में किया जाएगा। डॉ. कन्नौजे ने जिला स्तरीय समारोह के अलावा जिले के अन्य स्थानों पर आयोजित समारोह में स्थानीय जन प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने के निर्देश दिए।



### शहीद के परिजनों का सम्मान

बैठक में उन्होंने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई की व्यवस्था, शहीद परिवारों को उनके घर से कार्यक्रम स्थल तक ससम्मान लाने ले जाने की व्यवस्था, सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत व्यवस्था, पेयजल एवं जलपान की व्यवस्था, फायर बिग्रेड की उपलब्धता, उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान आदि सम्पूर्ण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कार्यक्रम : जिपं सीईओ डॉ कन्नौजे ने लोगों से की मुलाकात

# जनदर्शन पहुंचे नागरिकों ने बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

डॉ. कन्नौजे ने उन सब से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे झा एवं प्राची ठाकुर ने भी आम लोगों की मांगों एवं समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को उसके निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम हीरापुर निवासी कुमारी हितेश्वरी ने आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने तथा भाठागांव आर निवासी भुवनलाल ठाकुर ने मानसिक रोग से ग्रसित अपने पुत्र का समुचित ईलाज कराने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बिरेतरा निवासी योगेश देशमुख ने अपने गांव के आंगनबाड़ी क्रमांक 02 में आहता निर्माण करने तथा ग्राम पैरी के सरपंच रूपम देशमुख ने अपने गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 और 02 में नवीन भवन का निर्माण करने की मांग की।

### शिक्षक की पदस्थापना की मांग

इसी तरह ग्राम सिब्दी निवासी तामेश्वर प्रसाद ने अपने खेत से गुजरने वाली नहर नाली में वृद्धि करने, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कोटेरा निवासी श्री भानुदेव राज सिन्हा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटेरा में गणित एवं संस्कृत विषय का व्याख्याता पदस्थ करने एवं ग्राम निपानी निवासी चंद्र प्रकाश ने ऋण पुस्तिका में अपने पिता का नाम सुधरवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम लाटाबोड़ निवासी किशनलाल ने पेट्रोल पंप में काम करते वक्त उनके हाथ क्षतिग्रस्त होने पर संबंधित पेट्रोल पंप से आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

# समय-सीमा पर करें लंबित प्रकरणों का निराकरण

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को समय-सीमा के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

- साप्ताहिक बैठक में जिपं सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

डॉ. कन्नौजे संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में गुरूवार 25 जुलाई को जिले के गुण्डरदेही तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार प्रीति चिर्वतकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके सम्मान में 02 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बैठक में डॉ. कन्नौजे ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर चल रहे भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य अधिकारी को सभी को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके लिए पेयजल स्त्रोतों की सतत निगरानी करने तथा इस बात का विशेष ध्यान रखने को कहा कि पानी की आपूर्ति के लिए के लिए बिछाए गए पाईपलाईन कही से भी लिकेज न हो। डॉ. कन्नौजे ने जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को तत्काल महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक आयोजित कर चयन सूची जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जन समस्या निवारण शिविर के आयोजन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### तोड़े जाएंगे 89 जर्जर आंगनबाड़ी भवन, नए बनेंगे

बैठक में डॉ. कन्नौजे ने शिक्षा विभाग, कृषि विभाग से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने जिले के 89 जर्जर आंगनबाड़ी भवनों को डिस्मेंटल कर उनके स्थान पर नवीन भवनों के निर्माण के लिए शासन से राशि स्वीकृत होने की भी जानकारी दी। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भवन निर्माण के कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

# शासकीय विद्यालय की छात्राओं ने सैनिकों के लिए भेजी राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्याख्याता एनुका शार्वा के मार्गदर्शन में पूर्व सैनिक संगठन, सिपाही पूर्व सैनिक महासभा (छ.ग.) के वार्षिक अभियान आपरेशन सिपाही रक्षासूत्र के अंतर्गत शाला के छात्राओं द्वारा भारत माता की सेवा के लिए अपनी सर्वस्व समर्पण कर सीमा पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए रक्षाबंधन के पावन अवसर पर रक्षासूत्र और जन्मभूमि की मिट्टी और एक हस्त लिखित पत्र डी.पी.कोसरे सहायक जिला परियोजना अधिकारी, लेखराम साहू सहायक कार्यक्रम समन्वयक को सुपुर्द किए। हमारे सैनिक भाई जो दिन-रात, सर्दी ,गर्मी में, अपनी हर खुशियों को कुर्बान कर, अपने घर परिवार से दूर रह कर अखंड, अनवरत देश की सीमा पर डटे हुए हैं उनकी सुरक्षा की भावनाओं को लेकर बहनों द्वारा रक्षासूत्र भेजकर अपने सैनिक भाइयों के लिए एक सुखद अनुभूति, उनकी रक्षा के लिए प्रार्थना और उनके प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। प्राचार्य एल के ठाकुर ने बताया कि यूं तो सैनिकों के बलिदान का मोल चुकाया नहीं जा सकता लेकिन पूरा देश और उनकी बहनों का आशीष और शुभकामनाएं सदा सैनिक भाइयों के साथ रहेगा।

- राखी के साथ भेजा गया हस्तलिखित पत्र

इन प्यार, दुलार, आशीष, शुभकामनाओं और भाइयों की रक्षा के संकल्प को संजोकर, सहेजकर सैनिक भाइयों तक भेजने में सुश्री एनुका शार्वा का मार्गदर्शन सहयोग रहा। इस योजना में अधीरा शार्वा अद्रिजा शार्वा,एनुका शार्वा की पुत्री, अनन्या साहू, अनुश्री साहू अविनाश साहू की सुपुत्री, विनिशा साहू हेमंत साहू की सुपुत्री, नेत्रीका साहू, गर्विता साहू,तेजेश्वरी साहू की सुपुत्री तथा तिलेश्वरी परतेती यश्वी परतेती के साथ, वेनिका, स्वेता, संजना, गीतांजलि, भावना, यश्वी,प्रतिभा, देविका, आयुषी, ईसा, माधवी, माधुरी, पूजा, प्रेरणा,जानवी, शिवानी और सभी कक्षा 12 वी, 11वी 10, वी और 9वी की छात्रों ने राखी भेजी।

# शासकीय उमा शाला अंडा में शिक्षा सप्ताह के तहत हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंडा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ पर शिक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके तहत शाला की पीटीआई संध्या दुबे के मार्गदर्शन में बच्चों के लिए कैरम, शतरंज, लूडो एवं चायनिज चेकर का आयोजन किया गया। 25 जुलाई को सांस्कृतिक गतिविधियां कराई गई, जिसमें शाला की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक सुआ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि डीपी चंद्राकर थे, अध्यक्षता प्राचार्य सीमा जम्बुलकर ने की।

इसी तरह 26 जलाई को शिक्षा में प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। अटल लैब प्रभारी व्याख्याता श्रीमती रेणुका चंद्राकर के सफल मार्गदर्शन में बच्चों ने आर्डिनो यूनो, मेगा, आर्डिनो, सेंसर, बजर, रिले आदि का उपयोग कर खेतों में जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए मॉडल बनाया। कार्यक्रम में सुमन मिश्रा, ममता वर्मा, श्वेता भिमटे, स्वाति कोठारी का सहयोग रहा। वहीं, 27 जुलाई को इको क्लब मिशन लाइफ एवं वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके तहत अतिथियों द्वारा डागर, पाम, पपीता, आम, अमरूद, कटहल, शीशम जैसे अनेक पौधे लगाए गए। इन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी छात्र परिषद को दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक जीआर साहू, केके सिन्हा, एसके सिन्हा सहित सभी शिक्षकों एवं छात्र परिषद का विशेष सहयोग रहा।

# तिरगा स्कूल में मनाई गई प्यारेलाल बेलचंदन जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





स्व. दाऊ कूर्मि प्यारेलाल बेलचंदन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिरगा में जिला शिक्षाधिकारी अरविंद मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं श्रवण सिन्हा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन, हेमकुमारी देशमुख जनपद सदस्य, घसिया राम देशमुख, प्रीतपाल बेलचंदन के विशेष आतिथ्य में प्यारेलाल जयंती का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया। अतिथियों ने परिसर में स्थापित श्री बेलचंदन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रीतपाल बेलचदंन एवं हेम कुमारी देशमुख ने प्यारेलाल बेलचंदन के सेवादल गठन और समाज सेवा के कार्यों व विधायक रहते हुए किए गए किसान हितैषी कार्यों की जानकारी दी। घसियाराम देशमुख ने कहा कि दाऊ जी के कार्यों को सदैव स्मरणीय बनाने के लिए उनके नाम पर विद्यालय का नामकरण किया गया है। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने दाऊ जी द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें जन नायक बताया। संस्था की प्राचार्य पी. रामटेके ने भी उनके संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान दाऊजी के सुपुत्र गोपेन्द्र किशोर बेलंचदन ने सेवानिवृत्त शिक्षक नेतराम देशमुख, इन्दरलाल साहू, भेखराम बेलंचदन को स्मृति चिन्ह से भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश यादव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विनीता ओसवाल, जेएल ठाकुर, गगनदीप कौर व्याख्याता, चंपा नानक, रीतु मिश्रा, प्राथमिक प्रधान पाठक पार्वती साहू, मनोज मल्हार प्रधान पाठक पूमा शाला झोला, रघुनाथ सिंह देशमुख प्रधान पाठक प्राथमिक शाला झोला, संकुल समन्वयक राजेश्वर देशमुख, संजय चंद्राकर, श्री ध्रुव, हरीश देवांगन, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# चार अगस्त को छत्तीसगढ़ को मिलेगा नया डीजीपी, देर हुई तो प्रभारी को जिम्मा

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ में चार अगस्त को नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल जाएंगे। मौजूदा डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल इसी दिन समाप्त होने वाला है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए यूपीएससी को नामों का पैनल भेजा जाना है, लेकिन अगर इसमें देर हुई तो प्रभारी डीजीपी की नियुक्ति की जा सकती है। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि राज्य में नए डीजीपी की नियुक्ति के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। हालांकि इस पद के दावेदारों में दो वरिष्ठ अधिकारियों अरुणदेव गौतम और हिमांशु गुप्ता के नाम की चर्चा है। यह भी कहा जा रहा है कि अंदरखाने में डीजीपी की नियुक्ति के लिए जोड़तोड़ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार की ओर से यूपीएससी दिल्ली को नामों का पैनल भेजा जाना है। इसके बाद यूपीएससी द्वारा की जाने वाली डीपीसी में संभावित नामों पर विचार किया जाएगा।










## खबर संक्षेप



### उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को निशुल्क दिया जा रहा गैस कनेक्शन

**डौंडीलोहारा।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सरकार द्वारा चिन्हित हितग्राहियों को गैस कनेक्शन का वितरण किया जा रहा है। ओम साईं एचपी गैस एजेंसी डौंडी लोहारा के संचालक महेंद्र जायसवाल ने बताया कि योजना के तहत शासन से दी जाने वाली सामग्री 990 रुपए का स्टोव, 100 रुपए पाइप, भरा गैस सिलेंडर व रेगुलेटर दिया जाता है, जिसके एवज में शुल्क नहीं लिया जाता। ग्राहक की मांग व सहमति पर अन्य चूल्हे के लिए अंतर की राशि ली जाती है। उन्होंने बताया कि ग्राहक चूल्हा बदलकर अधिक कीमत का चूल्हा या अन्य सामान जैसे लाइटर, ट्राली की मांग पर 990 रुपए वाले व दूसरा चूल्हा के कीमत की अंतर की राशि ली जाती है। इसके लिए कंपनी के फार्मेट में ग्राहक का सहमति पत्र लिया जाता है। इस मामले में भाजपा ने एसडीएम शिवनाथ बघेल को इसकी लिखित शिकायत कर अधिक पैसे लेने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। अब मंडल अध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा ने एसडीएम के नाम पत्र सौंपकर शिकायत को वापस लेने की बात कही है।

### माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही में मनाई गई मुंशी प्रेमचन्द की जयंती

**गुण्डरदेही।** माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही में बुधवार को मुंशी प्रेमचन्द की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हिंदी सहायक प्राध्यापक डॉ.लीना साहू ने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द का साहित्य आज भी जीवंत है। उन्होंने बच्चों को मुशी प्रेमचन्द साहित्यिक कृति और भारती साहित्य में उनके स्थान को भी बताया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ.आशा रानी दिल्लीवार ने कहा कि प्रेमचंद की साहित्य से हम जीवन जीने कला सीख सकते हैं और साहित्य का क्या रूप होना चाहिए, ये उनकी कृति पर झलकता हैं। सहायक प्रध्यापक डिगेन्द्र साहू ने कहा कि एक अच्छे जीवन और सफ़लता प्राप्त करने के लिए अच्छी भाषा शैली का होना अनिवार्य है। अगर हमको अच्छी भाषा शैली सीखनी है, तो हमे अच्छे साहित्य को पढ़ना चाहिए, जो हमें प्रेमचंद जी की कहानी और उपन्यास में मिलता है। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक कांक्षी लता साहू, सहायक प्राध्यापक हेमन्त साहू, घनश्याम साहू, टिकेश्वरी साहू, तुलसी साहू, खिलेश्वरी कोसरे, सुभाष सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### चेन स्नेचिंग का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** महिलाओं से चेन स्नेचिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 7 चेन स्नेचिंग के मामलों में बजरंग पारा हथखोज निवासी भरत गुप्ता उर्फ राहुल को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक में घूम-घूमकर चेनस्नेचिंग करता था। सीसी कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर टीम आरोपी तक पहुच पाई। भरत से पूछताछ करने पर बताया कि 6 माह पूर्व में माह जनवरी में थाना भिलाई भट्टी क्षेत्र से बाइक को चेन स्नेचिग करने के लिए चोरी करना स्वीकार किया।

**अनदेखी :** शासकीय विद्यालय गोटूलमुंडा में मरम्मत अधूरा छोड़ भागा ठेकेदार, जिम्मेदार मौन

# विकलांग अव्यवस्था का दंश झेल रहे बच्चे टपकती जर्जर छत के नीचे पढ़ना मजबूरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौंडी ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत बेलोदा अंतर्गत आश्रित ग्राम गोटूलमुंडा का स्कूल जर्जर हालत में है। यहां स्कूल जतन योजना के तहत 3 लाख रुपये स्वीकृत होने के बाद भी स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर जर्जर भवन की टपकती छत के नीचे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर चला गया है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर से की है। उन्होंने भवन की मरम्मत करवाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बतायाा कि ग्राम गोटूलमुंडा शासकीय प्राथमिक शाला और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एक ही प्रांगण में संचालित होती हैं। एक वर्ष पहले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की छत को तोड़कर स्कूल जतन योजना के तहत जीर्णोद्धार के लिए शासन द्वारा लाखों रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी निर्माण एजेंसी द्वारा छत ढालने का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। इसके कारण बच्चों को वैकल्पिक व्यवस्था कर अतिरिक्त भवन में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है।

### स्कूल जतन योजना के तहत मिली थी 3 लाख रुपए की स्वीकृति



तीन कक्षाओं के बच्चे छठवीं, सातवीं और आठवीं के लगभग 50 बच्चे एक साथ बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। लेकिन अतिरिक्त भवन भी जर्जर हालत में है, जिसके कारण छत से पानी टपकता है और प्लास्टर कभी भी गिर जाता है, जो बच्चों के लिए खतरा साबित हो रहा है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा स्कूल की व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। इसके कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे जान जोखिम में डाल टपकती छत के नीचे पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

### कभी भी गिर जाता है प्लास्टर

ग्रामीण तिलोकचंद कुलदीप, गौकरण कोला ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का भवन मरम्मत नहीं होने के कारण तीन कक्षा के बच्चों को एक साथ ही बैठना पड़ रहा है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अतरिक्त भवन भी जर्जर है, जिसके छत से पानी टपकता है और प्लास्टर भी उखड़ कर जमीन पर गिरता है, जो कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। इसलिए प्रशासन से मांग है कि स्कूल की मरम्मत जल्द पूर्ण करवाकर बच्चों की पढ़ाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

### दिया अल्टीमेटम, तालाबंदी की चेतावनी

शाला विकास समिति अध्यक्ष सुनीता कुलदीप ने बताया कि स्कूल मरम्मत के लिए प्रशासन से लगभग 3 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। लेकिन, ठेकेदार ने छत को तोड़कर भवन निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि यदि दस दिनों के भीतर बच्चों की पढ़ाई के लिए उचित व्यवस्था नहीं की गई, स्कूल में तालाबंदी कर बच्चों के साथ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## जन समस्या निवारण शिविर में मिले कई आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार को नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 04 के महात्मा गांधी एवं वार्ड क्रमांक 05 हलधर वार्ड निवासियों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान राशन कार्ड बनाने हेतु कुल 05, लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 28, पेयजल से संबंधित 11, राजस्व विभाग से संबंधित कुल 05, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 06, यातायात 03, क्रेडा में 03 आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म-मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 86 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 06 एवं 07 के लिए वार्ड क्रमांक 06 नारायण होटल के पीछे मंच में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के कुल 12, राजस्व विभाग के 10, स्वच्छता विभाग 12 सहित अन्य विभाग से संबंधित कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डी के वार्ड क्रमांक 06, 07 एवं 08 हेतु वार्ड 07 भंडारी पारा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डीलोहरा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए।

## वार्ड क्र. 3 के कलामंच में शिविर मिले 35 आवेदन, 5 निराकृत



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 26 जुलाई से 6 अगस्त तक नगर के अलग अलग वार्ड के सामुदायिक भवनों में किया जा रहा है। मंगलवार को वार्ड क्रमांक 3 के कलामंच में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए। उनमें से पांच आवेदन का निराकरण तत्काल कर दिया गया। वहीं, शेष आवेदन के निराकरण के लिए समय सीमा तय की गई है। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, भाजपा नेता प्रमोद जैन, पार्षद शंकर यादव, संतोष नेताम, नगर पंचायत के सीएमओ कुलदीप झा, दुष्यंत ठाकुर, कृपाराम बर्मन, छम्मन साहू, उमेश ठाकुर व अन्य कर्मचारी व वार्डवासी उपस्थित रहे।

भाजपा नेता प्रमोद जैन ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा यह अच्छी पहल की गई है। इस शिविर से नगर के सभी लोगों को लाभ मिलेगा।

मंगलवार को आयोजित शिविर में कुछ विभागों के अधिकारी उपस्थित नहीं थे, जिस पर कलेक्टर को फोन के माध्यम से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में अब शिविरों में अधिकारी मौजूद रहेंगे और समस्याओं का तत्काल निराकरण करेंगे। श्री जैन ने नगर के सभी लोगों से कहा है कि जिसको भी जो समस्याएं है, वो इस जन समस्या निवारण शिविर में आवेदन देकर अपनी समस्या का निराकरण कर सकते हैं।

## शासकीय प्राथमिक शाला हथौद में ग्रामीण ने कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय प्राथमिक शाला हथौद के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत समुदायों को स्कूल से जोड़ने एवं बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा स्कूली बच्चों को समुदाय, व्यक्ति व संगठन एवं समूह के माध्यम से न्योता भोज करने का अवसर प्रदान किया गया है। न्योता भोज में ग्रामीण दुलेश खुरश्याम द्वारा अपने पुत्र मेदांश खुरश्याम के जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों को चावल दाल सब्जी के अतिरिक्त खीर, पूड़ी परोसा गया। विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक साथ बैठकर न्योता भोज ग्रहण किया।

## ग्राम चिंगरी में स्थापित की गई भगवान हनुमान की प्रतिमा

**अंडा।** श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासी चिंगरी के तत्वावधान में मंगलवार को हनुमान की प्रतिमा स्थापित की गई। पुजारियों की देखरेख में विधि-विधान के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। 29 जुलाई शाम को डीजे और धुमाल के साथ पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली गई। 30 जुलाई को सुबह धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। पंडित महेंद्र पाण्डेय, गांव के बैगा सालिक राम निर्मलकर, पंडित कामता प्रसाद साहू की देखरेख में पूजा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन कर बाद में भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर गांव सरपंच पुष्पा देवी देशमुख, सोनऊ यादव, ईश्वरी निर्मलकर, किशोर निर्मलकर, अलख साहू, बंशी लाल यदु, रोजगार सहायक सीमा रानी देशलहरे, समिति के सदस्य दुर्गेंद्र यदु, कोमल यदु, लक्षण यादव, पुकेश्वर देशमुख, नागेश्वर धीवर, टिकेंद्र पटेल, कुशल साहू, अनिल सहित अन्य ग्रामीणों ने विशेष सहयोग प्रदान किया।





## सिकोसा-पिनकापार मुख्य मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास गड्ढा, हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सिकोसा पिनकापार मुख्य मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास स्पीड ब्रेकर के सामने गड्ढा हो गया है, जहां बारिश का पानी जाम हो जाता है। इस कारण राहगीरों को आने जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।



कई बार मोटर साइकल चालक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। ग्रामीण इसको सुधारने की मांग कई बा कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पूर्व सांसद प्रतिनिधि महेश महिलवार ने बताया कि यह रेलवे विभाग के आधीन में है। इस विभाग के उच्च अधिकारियों को फोन के माध्यम से अवगत कराया गया है, मगर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, सिर्फ आश्वासन ही मिला है। इस क्षेत्र के आस पास के ग्रामों से स्कूली बच्चे पढ़ाई करने सिकोसा स्कूल आते हैं। इसके साथ ही किसान इस मार्ग से कृषि कार्य के लिए खाद बीज ले जाते हैं। रेलवे विभाग को चाहिए कि क्रासिंग के पास जो गड्ढे हैं, उन्हें ठीक कराए, ताकि लोगों को हो रही समस्याओं से छुटकारा मिल सके।

## सहनशीलता से टूटने से बचता है घर-परिवार

### संत ऋषभ सागर जी महाराज ने बताया सुखी परिवार का रहस्य

हरिभूमि न्यूज:बालोद

सहनशीलता का गुण ईश्वर का वरदान है। यह गुण बहुत से अवगुणों से बचाता है। इस गुण के कारण परिवार टूटने से बचता है।

जीवन दर्शन पर आधारित अपने व्याख्यान में संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने उक्ताशय के विचार व्यक्त किए। संत ऋषभ सागर जी महाराज ने परिवार में सुख के लिए पहली बात लज्जा गुण या मर्यादा को बताया। वहीं, दूसरा गुण सहनशीलता को बताया। उन्होंने कहा कि मर्यादा और सहनशीलता ही



है जिसके कारण परिवार टूटता नहीं। पहले संयुक्त परिवार में 50 लोग भी मजे से साथ रह लेते थे, आज परिवारों में चार लोग भी साथ रहे तो आश्चर्य होता है। लोगों में आपस में विश्वास और संशय इतना कि सारे लोग एक दूसरे से डरे हुए होते हैं। आज तपस्या के क्रम में एक बालिका ने 8 उपवास का पचकान लिया।

### गुण या दोष को धारण करना अपने हाथों में है

सहनशीलता एक ईश्वरी गुण है जिससे प्रत्येक व्यक्ति को अपने अंदर डेवलप करना चाहिए, सहनशीलता में कमी क्यों, सुविधाओं की अधिकता के कारण सहनशीलता में कमी आ रही है जो वस्तु परिश्रम से एवं कठिनाई से प्राप्त होती है, उसमें आनंद होता है सब कुछ आसानी से मिल जाने पर उसका महत्व कम हो जाता है, हम सब कुछ काम मेहनत से, शॉर्टकट से और शीघ्रता से प्राप्त करना चाहते हैं, यही कारण है कि आज का युवा वर्ग युवा सट्टा एवं अन्य प्रलोभन में आकर अपना सर्वस्व गांव बैठता है और इसके कारण परिवार पर संकट आ जाता है। कई बार इसके चलते आत्महत्या जैसा कदम भी उठा लेते हैं। उन्होंने कहा कि गुण और दोष को धारण करना अपने हाथों में है। हमें अपने गुणों का विकास करना है या दोषों को बढ़ाना है, इस पर चिंतन करें।

### जामुल पालिका उपाध्यक्ष को पीआईसी से हटाया

**भिलाई।** नपा परिषद जामुल उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार को पीआईसी से हटा दिया गया है। उक्ताश्य की सूचना सीएमओ जामुल ने 30 जुलाई को जारी किया है।नपा पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने अपना विशेष अधिकार के तहत सुनीता का सदस्या को खत्म किया है। सुनीता चन्नेवार कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव जीता था।उसके बाद उसे नपा उपाध्यक्ष चुनी गई थी। पालिका क्षेत्र में कुल 20 वार्ड है कांगेस के पार्षद 8 है।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्‌टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## किसानों को मिल रहा है शासन की योजनाओं का लाभ, सुधर रही स्थिति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासन की योजनाओं का लाभ लेकर राज्य के किसान अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर रहे हैं। बालोद विकासखण्ड के ग्राम कोहंगाटोला के किसान डोमन लाल साहू ने बताया कि वे लगभग 05 एकड़ में धान की खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में विगत खरीफ वर्ष का धान उसने 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से विक्रय किया, जिसका उन्हें 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राशि प्राप्त हुई। इसके साथ ही उसे 02 साल का बकाया बोनस भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने इन पैसों का उपयोग अपने बनाये हुए पक्का आवास के कर्ज को पूरी तरह चुकाया। बची हुई राशि बच्चों की शादी के लिए जमा की है।

इसी तरह इसी विकासखण्ड के ग्राम रेवती नवागांव के किसान तुलाराम नागवंशी ने बताया कि अब उन्हें धान विक्रय का सही दाम मिला है। इसका उपयोग उन्होंने अपने निर्माणाधीन मकान में किया है। इसके साथ ही उन्होंने अपने खेत में सिंचाई के लिए एक बोर खनन भी कराया है।

